गुणात्मक अध्ययन पर फोकस करें कालेज

देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) परिसर व समस्त संबद्ध इंजीनियरिंग कालेज गुणवत्ता के साथ अध्ययन कार्य पर फोकस करें। यह बात शनिवार को यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विवि में चल रही तीन दिवसीय लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के समापन के मौके पर कही।

प्रशिक्षण कार्यक्रम विवि में स्थापित एकेडमी स्टाफ डेवलपमेंट सेंटर के तत्वावधान में विवि से संबद्ध संस्थानों के निदेशकों के लिए आयोजित किया गया। प्रत्येक दिन पांच-पांच सत्रों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उच्च शिक्षण संस्थान के स्ट्रैटेजिक विजन व प्लानिंग, संस्थानों में क्राइसेस मैनेजमेंट, व्यक्तित्व विकास और कल्याण, भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों की जटिलता, नए युग में प्रौद्योगिकी आदि विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार रखे। (जासं)